0/c

प्रेषक,

(फूल चन्द्र कुशवाहा)
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
(त्वरित न्यायालय कोर्ट सं0–1),
महराजगंज।

सेवा में,

महानिबन्धक,
माननीय उच्च न्यायालय,
इलाहाबाद (प्रयागराज)।

द्वारा– श्रीमान जनपद न्यायाधीश,
महराजगंज।

विषय– पत्रांक सं0–12830/IV-5407/Admin.(A) Dated: September 23rd, 2024 में वांछित पुनः नया प्रार्थनापत्र पूर्व में की गई अभियोजन विभाग की सेवा को वर्तमान सेवा के साथ पेंशन परिलाभों हेतु योजित/जोडे जाने के लिए प्रेषित करने के सम्बन्ध में।

महोदय,

सादर अवगत कराना है कि माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद की विज्ञप्ति सं0–844/एडमिन (सर्विसेज)/2020 दिनांकित 17 मार्च, 2020 के अनुपालन में प्रार्थी ने दिनांक 19.03.2020 को जनपद लखनऊ में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश का पदभार ग्रहण किया था। इसके पूर्व प्रार्थी अभियोजन विभाग उ0प्र0 में भर्ती वर्ष–2002 विज्ञापन सं0: ए–4/ई–1/2002 के तहत सहायक अभियोजन अधिकारी के पद पर चयनित होकर दिनांक 11 अप्रैल, 2005 को कार्यभार ग्रहण किया था। प्रार्थी अभियोजन विभाग से नियमानुसार कार्यमुक्त होकर ही वर्तमान पद पर कार्यभार ग्रहण किया था। प्रार्थी द्वारा दिनांक 11 अप्रैल, 2005 में निरन्तर बिना किसी रूकावट के सेवाएं की जा रही है।

उत्तर प्रदेश राज्य द्वारा जारी शासनादेश संख्या–14/2024/सा–3–243/दस–2024/301(1)/2024 दिनांक 28 जून, 2024 एवं 20/2024/सा–3–276/दस–2024/301(1)/2024 दिनांक 11 जुलाई, 2024 के द्वारा दिनांक 28.03.2005 से पूर्व विज्ञाप्ति पदो के लिए पुरानी पेंशन योजना को चयन करने का विकल्प प्रदान किया गया है। प्रार्थी द्वारा अपर पुलिस महानिदेशक अभियोजन को उपरोक्त शासनादेश के क्रम में पुरानी पेंशन योजना के चयन हेतु निवेदन पत्र एवं विकल्प पत्र दिनांक 26.07.2024 को प्रेषित किया जा चुका है जिसकी सूचना जरिए ई–पोर्टल व रजिस्टर डाक माननीय महोदय को भी सूचनार्थ प्रेषित की गयी है।

माननीय महोदय द्वारा पुनः संलग्न प्रोफार्मा में पूर्व की गयी सेवा को वर्तमान सेवा के साथ जोड़े जाने हेतु प्रार्थनापत्र एवं सम्बन्धित शासनादेश की अपेक्षा की गई है।

अतः माननीय महोदय से निवेदन है कि मेरे द्वारा अभियोजन विभाग में की गयी सेवा को पेंशन परिलाभो हेतु वर्तमान उच्चतर न्यायिक सेवा के साथ योजित/जोड़ने का आदेश पारित करने की कृपा करें।

दिनांक–03.10.2024

भवदीय,

03.10.2024

(फूल चन्द्र कुशवाहा)
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
(त्वरित न्यायालय कोर्ट सं0–1),
महराजगंज।

संलग्नक:

1. शासनादेश संख्या–14/2024/सा–3–243/दस–2024/301(1)/2024 दिनांक 28 जून, 2024,
2. शासनादेश संख्या–20/2024/सा–3–276/दस–2024/301 (1)/2024 दिनांक 11 जुलाई, 2024,
3. शासनादेश सं0–3–1671/दस–2010–301(09)/2003 टी.सी. दिनांकित 16.09.2010,
4. शासनादेश सं0–3–1118/दस–2011–301(09)/2003 टी.सी. दिनांकित 16.09.2011,
5. शासनादेश सं.-सा-3-728/दस-98-901-98, दिनांकित: 10.07.1998.

कार्यालय जिला न्यायाधीश,
महराजगंज
संख्या 995/II दिनांक 03.10.2024.
अग्रसारित
3/10/24.
जिला न्यायाधीश.
महराजगंज